# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in    Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 443 / /एके0/MSU/2025–26    दिनांक : 28.05.25

## कार्यालय–ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि दिन–प्रतिदिन सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र विश्वविद्यालय में अनुचित मांगों को लेकर विश्वविद्यालय में दबाव बनाने हेतु उपस्थित होते रहते है तथा छात्रों का नेतृत्व ऐसे व्यक्तियों द्वारा किया जाता हैं जो विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र नहीं होते है। साथ ही छात्रों द्वारा प्रत्यावेदन सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य से भी अग्रसारित नहीं किये जाते है।

मा0 कुलपति महोदया के आदेशानुसार महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना प्रमुख दायित्व है। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में "छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ" का गठन अनिवार्य रूप से किया जाये। छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ द्वारा छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों का नियमानुसार यथासम्भव अविलम्ब निस्तारण किया जायेगा। जिन प्रत्यावेदनों का निस्तारण महाविद्यालय स्तर से किया जाना सम्भव नहीं है उन प्रत्याबेदनों को संकलित कर प्राचार्य द्वारा अग्रसारित करते हुये विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किये जायेगें, जिनका निस्तारण विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार किया जायेगा। यदि छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय में प्रत्यावेदन सम्बन्धित महाविद्यालय से अग्रसारित किये बिना प्रस्तुत किया जाता है तो सम्बन्धित महाविद्यालय से स्पष्टीकरण मांगते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यालय ज्ञाप को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुये निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. परीक्षा नियंत्रक।
04. वित्त अधिकारी।
05. उपकुलसचिव।
06. समस्त सहायक कुलसचिव।
07. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।

सहायक कुलसचिव